**प्रेस विज्ञप्तौ**

**12.60% सरकारी स्टॉाक 2081 का पुनर्भुगतान - प्रेस विज्ञप्तिअ जारी करना**

नीचे दिए गए ब्यौसरों के अनुसार निम्न1लिखित प्रतिभूतियों की अदायगी देय है:

| **सारणी: 23 नवंबर, 2018 को परिपक्वअ होने वाली भारत सरकार की प्रतिभूक्ति ब्यौ रा** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **प्रतिभूति का नाम** | **पुनर्भुगतान की निर्धारित तारीख** | **पुनर्भुगतान की प्रभावी तारीख** | **पुनर्भुगतान की निर्धारित तारीख से कोई ब्याोज संग्रहण नहीं** |
| **(1)** | **(2)** | **(3)** | **(4)** | **(5)** |
| | '12.60% जीएस 2018' का पुनर्भुगतान | 23 नवंबर, 2018 (शुक्रवार) | 22 नवंबर, 2018 (गुरुवार ) | 23 नवंबर, 2018 (शुक्रवार) |

12.60% सरकारी स्टॉ्क 2 018 के अंतर्गत बकाया शेष उपर्युक्तह सारणी के कॉलम 4 में दर्शाए गए पुनर्भुगतान की प्रभावी तारीख को देय होगा। प्रभावी तारीख को परक्राम्य् लिखत अधिनियम 1881 के तहत किसी राज्यए सरकार द्वारा अवकाश घोषित किए जाने पर उस राज्या में अदाकर्ता कार्यालय द्वारा ऋण कापुनर्भुगतान पूर्व कार्य दिवस को कियाजाएगा।

2. सरकारी प्रतिभूति विनियम , 2007 के उप-विनियम 24 (2) और 24 (3) के अनुसार सहायक सामान्य खाताबही अथवा संघटक सहायक सामान्य खाताबही लेखा अथवा स्टॉक प्रमाणपत्र के रूप में धारित सरकारी प्रतिभूति के पंजीकृत धारक को परिपक्वता आय का भुगतान उसके बैंक खाते के संबंधित विवरणों को समाविष्ट करते हुए भुगतान आदेश द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा निधियों की प्राप्ति की सुविधा वाले किसी बैंक में धारक के खाते में जमा करके किया जाएगा । प्रतिभूतियों के संबंध में भुगतान के लिए मूल अभिदाता या ऐसी सरकारी प्रतिभूतियों के अनुवर्ती धारक अपने बैंक खाते से संबंधित विवरण काफी पहले ही भेज देंगे ।

तथापि, बैंक खाते के संबंधित विवरण/इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से निधियों की प्राप्ति हेतु अधिदेश के अभाव में ,देय तिथि को ऋण की अदायगी को सरल बनाने के लिए , धारक लोक ऋण कार्यालयों, राजकोषों/उप-राजकोषों और भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं (जहां वे ब्याज भुगतान के लिए मुखांकित/पंजीकृत हैं) में विधिवत विमुक्त प्रतिभूतियों को , भुगतान हेतु देय तिथि से 20 दिन पूर्व प्रस्तुत कर दें ।

3. उन्मोचन मूल्य प्राप्ति की प्रक्रिया का संपूर्ण विवरण पूर्वोक्त अदाकर्ता कार्यालयों में से किसी से प्राप्त किया जा सकता है।

**भारत सरकार**
**वित्तस मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**बजट प्रभाग**
**नार्थ ब्लॉक,**
**नई दिल्लीग-110001**
**दिनांक: 26 अक्टूबर 2018**